हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री


12 एनसीसी कैडेट्स ने उड़ाया फाइटर प्लेन, माना...





13 खोरपा के छात्रों के माडल राज्य विज्ञान मेला के लिए चयनित






## खबर संक्षेप

### बोड़की में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव 5 को

**छुईहा बेलर।** ग्राम बोड़की में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा मड़ाई मेला महोत्सव का आयोजन युवा संगठन ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा 5 नवंबर को किया गया है, जिसमें सबसे पहले कार्तिक पूर्णिमा स्नान उपवास रखने वाली बालक बालिकाएं भोरकाल में शिवजी की पूजा अर्चना करेंगे तत्पश्चात 2:00 बजे भगत बाबा एवं आंवला पेड़ की पूजा अर्चना के साथ रावत शौर्य नृत्य निकलेंगे एवं ग्राम की सभी देवी -देवताओं की पूजा अर्चना करते हुए मड़ाई भाटा पहुंचेंगे, जिसकी मुख्य अतिथि सम्माननीय इंद्रजीत महाड़िक सदस्य, जिला पंचायत गरियाबंद होंगे। अध्यक्षता सम्माननीया प्रेमीन/मिथलेश ध्रुव करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच सम्माननीय नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेख राम साहू जी, पंच विशाखा सिन्हा, टोमन राम ध्रुव, भूषण राम साहू, पूनम यादव, भोजराम साहू, छत्रानी साहू, ग्रामीण संरक्षक वेदराम साहू, ग्राम पटेल होरीलाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष बरसनराम पटेल होगें। रात्रिकालीन कार्यक्रम अजय माला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी भर्रीटोला चारामा कांकेर अपनी प्रस्तुति देंगे।

### नाचबो अऊ नचाबो डीजे डांस प्रतियोगिता 5 को

**छुरा।** ग्राम गिधनी में कार्तिक पूर्5 नवंबर को रात्रि 7:00 बजे से प्राथमिक शाला प्रांगण एक विशाल डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस रोमांचक प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल और एकल नृत्यों में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और आकर्षक नकद पुरस्कार जीतेंगे। प्रथम पुरुस्कार 10000/ नव युवक समिति ग्राम गिधनी द्वारा। द्वितीय पुरुस्कार 7001/- हिरामन ठाकुर, उमेश चंद्राकर एवं महिला स्वसहायता समुह द्वारा। तृतीय पुरुस्कार 5001/ कातुक राम ठाकुर ग्राम गिधनी द्वारा। चतुर्थ पुरुस्कार 2001/- अनुज ठाकुर शिक्षक ग्राम गिधनी द्वारा। युगल नृत्य प्रवेश शुल्क 200 रू. प्रथम पुरुस्कार 5001/- महेश यादव आप लोकसभा अध्यक्ष महासमुंद द्वारा। द्वितीय पुरुस्कार 3001/ बिशाखा बाई ठाकर उपसरपंच ग्राम पंचायत स्वैरझिटी द्वारा।तृतीय पुरुस्कार 2001/-हर्षद ठाकुर ग्राम गिधनी द्वारा। चतुर्थ पुरुस्कार 1001/- वेद ठाकुर ग्राम पटेल लोहझ र द्वारा दिया जाएगा।

### एनएच 30 के उन्नयन के लिए 20 करोड़ स्वीकृत

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर की बहुप्रतिक्षित मांग पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को फोरलेन उन्नयन कार्य लंबाई 2.80 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए 20 करोड़ की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विगत 10 वर्षो से इस गौरवपथ के लिए प्रयास किया जा रहा था कई बार प्रशासकीय स्वीकृति के बाद भी निर्माण कार्य मे कई रूकावटे के चलते नगर का सबसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य नही हो पा रहा था।

# एंजेल एंग्लो हाई स्कूल के बच्चों ने राउत नाचा और सुआ गीत से बांधा समा

## दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर जमकर तालियां बजाई किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- लोकनृत्य और लोकगीतों में झलकी छत्तीसगढ़ी परंपरा, उत्सव और संस्कृति की चमक

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25वें वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में भव्य राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ, जहां मंच पर स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों ने लोकनृत्य और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। राज्योत्सव के अवसर पर लोक कला मंच, गरियाबंद के कलाकारों ने लोकगीत और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच से जब पारंपरिक धुनें गूंजीं तो पूरा परिसर छत्तीसगढ़ी रंग में रंग गया। तालियों की गड़गड़ाहट और दर्शकों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया से माहौल और भी जीवंत हो उठा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम गरियाबंद के स्कूली बच्चों ने भाग लिया वही एंजेल एंग्लो हाई स्कूल, गरियाबंद के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की परंपरागत लोक संस्कृति को मंच पर साकार किया।

विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'सुआ नृत्य' (गीत कुकरा बासत हे आगे सगा पहुना) ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस नृत्य में अवनि साहू, जिज्ञासा साहू, शौर्या वर्मा, ▶▶|शेष पेज 12 पर



### संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का एहसास

इस नृत्य में यशराज साहू, कुशाग्र सोम, द्रोण तिवारी, तुषार यादव, दक्ष यादव, अर्श मेमन, कुणाल टंडन, दुर्गेष साहू, रितिक सबर, वासु चकधारी, गुनज बिझेकर, गौरव साहू, गुलशन साहू, तुषार यादव ध्रुव, भव्य देवांगन, निहाल यादव और सुयश सिन्हा ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की ताल और राउतों के पारंपरिक परिधान में सजे बच्चों ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का एहसास कराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर जमकर तालियाँ बजाईं और उनका उत्साहवर्धन किया। मंच पर बच्चों का जोश और आत्मविश्वास देखने लायक था।

## हादसा : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग में उपचार के दौरान हुई मौत

# 24 घंटे में मैनपुर में पांच दुर्घटनाएं 6 घायल, सर्पदंश से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनो दुर्घटना की ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है जिसकी मुख्य वजह तेज रफ्तार वाहन को बताया जा रहा है। रविवार रात 9 बजे के आसपास मैनपुर जिड़ार मार्ग में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ग्राम जाड़ापदर निवासी थनेश्वर सोनवानी को टक्कर मारकर फरार हो गया जिसकी जानकारी लगते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। समाजसेवी युवा छोटू यादव ने अपने मोटर साइकिल से घायल युवक को मैनपुर अस्पताल रात 10 बजे पहुंचाया जिसके सिर में गंभीर चोट लगने के कारण प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं आज सुबह सिकासार मोड़ के पास फिर एक बार दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गई जिससे चार लोग घायल हो गये यह तो किस्मत ठीक थी कि चारो को मामूली चोट लगी है और इन्हे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। वही अभी शाम 5 बजे के आसपास तमेश्वर नेताम मोटर साइकिल के चक्के फिसल जाने से घायल हो गया जिसका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है।



### बाइक की ठोकर से युवक की मौत



**फिंगेश्वर।** ग्राम बोरिद में पुरानी राईसमिल के पास सड़क हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बाइक सवार ने पैदल घूम रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना 3 नवंबर को शाम करीब 7:10 बजे ग्राम बोरिद में हुई। लेखराम सिन्हा पिता मन्नुलाल सिन्हा (19 वर्ष) सड़क पर पैदल घूम रहा था। उसी दौरान अमलोर की ओर जा रही एक पल्सर बाइक ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक लेखराम के चेहरे सहित अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद परिजन घायल लेखराम सिन्हा को आनन-फानन में सामुदायिक अस्पताल फिंगेश्वर लेकर आए। हालांकि, डॉक्टर ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवा दिया है, जिसका पोस्टमार्टम 4 नवंबर को किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल ग्राम अमलोर की थी, जिसे कुंवर सिंह ध्रुव पिता बैसाखू ध्रुव चला रहा था। बाइक पर एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। दुर्घटना में बाइक चालक कुंवर सिंह ध्रुव और एक अन्य सवार भी घायल हुए हैं। हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने घटना को जांच में ले लिया है।

### सर्पदंश से महिला की मौत दो दिन में दूसरी घटना से गांव में दहशत

मैनपुर के ग्राम पंचायत बुरजाबहाल के आश्रित ग्राम बंदपारा में सर्पदंश की चपेट में आने से एक महिला की आज मौत हो गई मृतका का नाम हीरंदी सौरी (25 वर्ष) बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के करीब चार बजे हीरंदी सौरी अपने खेत स्थित घर में थीं। तभी अचानक उन्हें जहरीले सर्प ने काट लिया। परिजनों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव में दो दिन पूर्व भी सर्पदंश की एक घटना घट चुकी है, जिसमें सेशमल नागेश नामक युवक को सांप ने काटा था, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। बीएमओ डॉ. प्रकाश साहू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की मृत्यु सर्पदंश से हुई है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांव में सर्पदंश जागरूकता अभियान चलाया जाए और सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी–वेनम दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



# 150 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी विभाग की टीम ने 31 अक्टूबर को ग्राम इंदागांव से लगे जंगल में कच्ची मदिरा विनिर्माण के संभावित स्थलों पर कार्यवाही करते हुए जंगल में छिपाकर रखे गए 150 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा मादक पदार्थ को बरामद किया। कार्यवाही के दौरान आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज, रजतचंद ठाकुर, आबकारी मुख्य आरक्षक चंद्रलोल गायकवाड़, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप, संजय नेताम, महिला नगर सैनिक कामिनी सोनी, वाहन चालक गोवर्धन सिंह और कुलेश्वर निषाद का योगदान रहा।

### गांजा का अवैध परिवहन, तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 हजार रुपए का आठ किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 2 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एनएच 53 रोड गुरुघासी दास चौक सांकरा जाकर नाकाबंदी की गई। इसके बाद दो स्कूटी में तीन व्यक्ति आये, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे स्कूटी को पीछे मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा।

# बारिश से धान की फसल को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

लगातार हो रही बारिश किसानों के लिए आफत लेकर आई है। खरीफ धान की फसल खेतों में पककर तैयार है। किंतु मौसम की मार से किसान चिंतित है। दीवाली के बाद फसलों की कटाई के लिए किसान तैयार थे। किंतु अचानक लगातार हो रही बारिश ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बारिश के कारण ब्यारा, बाड़ी गीले है। माहों के प्रकोप से फसलों को बचाने के बाद बारिश से फसलों में माइड, डिस कलर एवं शाइनिंग की समस्या आनी शुरू हो गई है। लगातार बारिश से छांटा, सोंठ, घोंट क्षेत्र की फसलों में कालापन एवं बदराहा की शिकायते है। खेतों में चैन गाड़ी ही घुस पा रही है। खेत गीले होने के कारण हार्वेस्टर नहीं पहुंच पा रहा है। ग्राम छांटा के उन्नतशील किसान लोकेश्वर साहू ने बताया कि शासन द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाली है। लिहाजा खेतों के सूखने के बाद 10 नवंबर से फसल कटाई के कामों में तेजी आएगी। कुछेक खेतों के फसलों में बदरापन एवं माइड की समस्या है। लगातार बदली एवं बारिश किसानों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। ग्राम चंपारण किसान शोभाराम साहू ने बताया कि चंपारण क्षेत्र में कुछेक खेतों की फसलों में बैक्टीरिया के प्रकोप के कारण बालियों में लालिमा की शिकायत आ रही है। जागरूक किसानों ने त्वरित दवाई का छिड़काव कर लिया है। चूंकि चंपारण क्षेत्र के बहुतायत खेतों में सरना धान लगाया गया है। लिहाजा 15 नवंबर के बाद फसल काटने का काम प्रारंभ होगा।





# बाइक चोर को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जमाना ऐसा आ गया है कि यदि जरा सा भी असावधानी हुई तो नुकसान सहने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। पग-पग में चोर, उचक्के, लुटेरे,गुंडे, बदमाश मिलेंगे। बाइक और सायकल चोरो की बात करे तो वे कहीं से भी उड़ा देते है। उन्हें डर भय नाम का कोई चीज नही रह गया है। डेढ़-दो माह पहले एजी ऑटो केयर में आधी रात को घुसकर पलसर बाइक को चोरी कर ले जाना एक तरह से चोरो का दुस्साहस ही था भले ही बाद में वे एक निर्माणाधीन मकान के ओट में छोड़कर चले गए। अभी हाल ही में एक घटना ऐसी हुई कि एक सज्जन अपने बाइक में खेत गया। सड़क किनारे अपनी बाइक को खड़ी किया। कुछ ही देर में लौटकर जब आया तब तक बाइक गायब हो चुकी थी। यह वाक्या बजरंगपुर निवासी देवक राम साहू 39 वर्ष के साथ हुई। वे 25 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो सीजी 04 केसी 6005 से खेत गया था। सड़क किनारे गाड़ी खड़ा किया। लौटकर जब आया तो गाड़ी नही थी। अभी हाल ही में नवापारा पुलिस ने उस अज्ञात चोर को दबोच लिया जो इस बाइक को चुराकर ले गया था। जानकारी के मुताबिक आरोपी ताराचंद यादव 28 वर्ष पिता प्रेम यादव, निवासी सिंधौरीखुर्द थाना कुरुद, जिला धमतरी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने लोगो से कहा है कि अपनी गाड़ियों और सामानों की सुरक्षात्मक उपाय करें। गाड़ी है तो उसमें लॉक करें। जरा सी भी लापरवाही हुई तो इस तरह की घटना हो सकती है।



## पदयात्रा नागाबुड़ा से शुरू होकर गांधी मैदान गरियाबंद में होगी संपन्न

# राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन 7 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- यात्रा का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना

कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चन्द्राकर उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को नमन करने के साथ उनकी एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।




गरियाबंद जिले में एकता पदयात्रा का आयोजन शुक्रवार 07 नवम्बर को सुबह 9 बजे अटल चौक नागाबुड़ा से किया जाएगा और विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान गरियाबंद में सम्पन्न होगा। प्रत्येक स्थल पर देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा और देश के प्रति उनके योगदानों को याद किया जाएगा। युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सेवा भावना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा।

**प्रतिभागियों को किया जायेगा सम्मानित-** प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि यह पदयात्रा नागाबुड़ा के अटल चौक से होकर नहरगांव, कोकड़ी से होते हुए जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में सम्पन्न होगी। इसमें स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वॉलिंटियर भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के ▶▶|शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप



### रजत जयंती वर्ष पर 25 किमी की सायकिल यात्रा निकाली

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर साइक्लिंग ग्रुप ने 25 किमी की साइक्लिंग यात्रा निकाली। इस दौरान साइकिल चालकों ने स्वस्थ छत्तीसगढ़, पर्यावरण संरक्षण और एकता का संदेश दिया। यात्रा सेक्टर-30 से शुरू होकर राज्योत्सव स्थल, होते हुए डहरिया चाय दुकान के पास एयरपोर्ट रोड तक गई और सेक्टर-27 में एक पेड़ मां के नाम लगाकर समाप्त हुई।कार्यक्रम का संचालन निर्मला और बिंदु द्वारा किया गया, जबकि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षक पवन तिवारी ने किया। इस अवसर पर ज्योति, रश्मि, डॉ. वर प्रसाद कोला, नागनाथ सीआरपीएफ, संजय कदम बीएसएफ, तिजराम वर्मा, वीरा रेड्डी, अमित सहित कई सदस्य शामिल हुए।

### मांगलिक कार्यों की शुरूआत, नवंबर में शादी के लिए 14 शुभ मुहूर्त



**राजिम।** कार्तिक शुक्ल एकादशी देवउठनी एकादशी के बाद मांगलिक एवं शुभ कार्यों की शुरूआत हो चुकी है। देवउठनी कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन भगवान विष्णु के जागते ही शुभ व मांगलिक कार्य होने लगे है। देवउठनी एकादशी के बाद शादी विवाह की शहनाइयां गूंजना शुरू हो गई है। ज्योतिषाचार्य एवं पंडितों के अनुसार माह नवंबर में विवाह के लिए 14 शुभ मुहूर्त है जो 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22,23, 25, 30 तारीखें विवाह के लिए शुभ रहेगी। माह दिसंबर में विवाह के लिए केवल तीन शुभ मुहूर्त है। हिंदू पंचांग के अनुसार 4,5 एवं 6 दिसंबर 2025 तिथियां विवाह के लिए शुभ होगी। हिंदू मान्यता के अनुसार 6 दिसंबर 2025 के बाद खरमास शुरू हो जाएगा। क्योंकि उस समय शुक्र अस्त रहेगा जिसके कारण करीब 2 महीने तक विवाह का कोई शुभ मुहूर्त नहीं होगा। अगला शुभ विवाह मुहूर्त फरवरी 2026 में आएगा।

## निधन

### खोलुराम कोमर्रा

**मैनपुर।** आदिवासी अमात गोंड़ समाज सर्कल जिड़ार के अध्यक्ष खोलुराम कोमर्रा उम्र 65 वर्ष ग्राम कोनारी निवासी का सोमवार शाम



को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। ज्ञात हो कि खोलुराम कोमर्रा उपसरपंच एवं आदिवासी समाज के कई महत्वपूर्ण पदो पर रह चुके है। वे खोलुराम कोमर्रा ग्राम पंचायत शोभा के सचिव ओमप्रकाश कोमर्रा के पिता थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने उड़ाया फाइटर प्लेन, माना एयरबेस में मिला अनोखा अनुभव

## देवभोग स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडिलय स्कूल के 20 छात्र- छात्राओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के छात्र-छात्राओं के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा अनुभव था जब उन्होंने फाइटर प्लेन की कमान संभाली, एयरपोर्ट सिमुलेटर पर टेकऑफ और लैंडिंग की तकनीक जानी, अक्षांश–देशांश की गणना की और ट्रीगर दबाकर फायरिंग जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। गरियाबंद जिले के देवभोग के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के 20 छात्र-छात्राओं को रायपुर माना स्थित पं. जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने का अवसर मिला।

### 40 ग्रामीण छात्र-छात्राएं हुई शामिल

गरियाबंद जिले के देवभोग के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के 20 छात्र-छात्राओं को रायपुर माना स्थित पं. जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने का अवसर मिला। जिले का एकमात्र एयर विंग एनसीसी कोर देवभोग में संचालित है यह एकमात्र विद्यालय है जहां 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के तहत एयर विंग कोर संचालित हो रहा है। इस कोर में 40 ग्रामीण छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जो भविष्य में रक्षा सेवाओं में योगदान देने का सपना देख रहे हैं।



### एनसीसी ऑफिसर सोनी की सराहनीय भूमिका

ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण की स्थापना और सफल संचालन में एनसीसी ऑफिसर गणेश सोनी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय मानी जा रही है। उनके प्रयासों से देवभोग के बच्चों को बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

जिले का एकमात्र एयर विंग एनसीसी कोर देवभोग में संचालित है यह एकमात्र विद्यालय है जहां 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के तहत एयर विंग कोर संचालित हो रहा है। इस कोर में 40 ग्रामीण छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जो भविष्य में रक्षा सेवाओं में योगदान देने का सपना देख रहे हैं। 10 दिनों के इस प्रशिक्षण में हेल्थ रन, योग, ड्रिल, संस्थागत प्रशिक्षण, एयरोमॉडलिंग और सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल रहीं। साथ ही छात्रों को आईएएस और आईपीएस अधिकारियों से मुलाकात का मौका मिला, जहां उन्होंने नेतृत्व क्षमता और अनुशासन से जुड़ी महत्वपूर्ण सीखें प्राप्त की।

## विडंबना : छोटी -बड़ी पहाड़ी और टीले को पारकर बड़ी मुश्किल के साथ यहां पहुंचे हैं

# आज़ादी के 79 साल बाद भी सड़क नसीब नहीं, डूमरघाट गांव की पगडंडी जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के वनांचल के ग्रामों मे पहुंचने के लिए आज आजादी के 79 वर्षों बाद भी पक्की सड़क का निर्माण नही किया गया है और जो कच्ची जर्जर सड़क है उसकी स्थिति इतना दयनीय हो चला है कि इसमें मोटर सायकल चार पहिया तो दूर पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं है यदि पैर धोखे से भी इधर-उधर डगमगाया कि खतरनाक गढडे मे धड़ाम से गिर पड़ेंगें यह सड़क मैनपुर से महज 12 किमी दूर डूमरघाट की है जो बरदूला से 07 किमी तक दो छोटी बड़ी पहाड़ी और टीले को पारकर बड़ी मुश्किल के साथ यहां पहुंचा जाता है। इस गांव मे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति एवं आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है और यहां के ग्रामीण इसी जानलेवा सड़क से राशन लेने के लिए सात किमी दूर बोईरगांव पैदल आते है तब उन्हे राशन चावल दाल मिट्टी तेल नसीब हो पाता है यहां के ग्रामीण अमरसिंह, पलटन, हेमसागर जयसिंह, गोपाल, दसरूराम, भक्तिनराम, खोगेश्वर, दशोदा बाई, रामेश्वर, गोपीचंद ने बताया कि गांव के बुजुर्ग महिला पुरूष इसी खतरनाक रास्ता को पारकर वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेशन और महतारी वंदन योजना की राशि लेने के लिए मैनपुर तक जाते है।





### सड़क निर्माण के लिए कई बार हो चुका है सर्वे लेकिन अब तक निर्माण नहीं

इस पगडंडी सड़क मे मरम्मत के नाम पर मनरेगा योजना व अन्य योजना से लाखो रूपए की राशि खर्च किया जा चुका है लेकिन अभीतक बड़े -बड़े गढ्ढे साक्षात दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि सड़क निर्माण के लिए कई बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सर्वे किया जा चुका है लेकिन अब तक फाईल आगे नहीं बढी है। इस संबंध में जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने कहा की सड़क निर्माण कार्य किया जाना चाहिए पक्की सड़क निर्माण के बाद इस गांव मे विकास की रोशनी पहुंचेगी।

# समिति कर्मचारी हड़ताल पर 9 समितियां में लटका ताला

## राशन व किसान पंजीयन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आदिम जाति सहकारी समिति के सभी कर्मचारी हड़ताल में है जिसे समिति कार्यालय में ताला लटका हुआ है। समिति के कर्मचारियों ने बताया कि शासन को 4 सूत्री मांग की गई है जिसके लिए पूरे समिति के कर्मचारी हड़ताल है इससे समिति द्वारा संचालित राशन दुकान बंद रहेगा जिससे राशन वितरण प्रभावि त होगा साथ ही साथ 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाला धान खरीदने के लिए हो रहे किसानों का पंजीयन भी बंद हो गया है जिससे कई किसान पंजीयन से वंचित हो जाएंगे, प्रमुख मांग 1. समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में धान खरीद पश्चात हुई संपूर्ण सुखत मान्य कर राशि समितियों को देते हुए धान खरीदी वर्ष 2024-25 कंडिका 1.10 में परिवहन पश्चात संपूर्ण सुखत समिति को दे अथवा प्रत्येक सप्ताह संपूर्ण परिवहन हो और वर्ष 2024-25 में शुन्य शार्टेज प्रोत्साहन का भी प्रावधान कर विभिन्न प्रदत्त कमीशन, प्रशांगिक, सुरक्षा व्यय में बढ़ोतरी की जावे एवं मध्य प्रदेश सरकार की भांति शासकीय उचित मूल्य दुकान दारों के विक्रेताओं को प्रतिमाह 3000 रूपये दी जावे, छ.ग. शासन के कलेक्टर द्वारा नामित प्रशासनिक धान खरीदी अधिकारी प्रभारी को खरीदी से सम्पूर्ण धान परिवहन मिलान अंतिम तक सुखत की जिम्मेदारी लिखित में जारी किया जावे।2. धान खरीदी नीति वर्ष 2024-25 में वर्णित कंडिका क्रमांक 11.3.3 आउट सोर्सिंग द्वारा कम्प्युटर आपरेटर के नियोजन को विलापित कर विभाग तय करते हुए नियमितिकरण किया जावे।सहकारिता विभाग 2 सूत्रीय लंबित मांग . प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान देने हेतु प्रति वर्ष प्रत्येंक समितियों को 3-3 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान राशि मध्यप्रदेश सरकार की भांति दी जाये। कांण्डे कमेटी की अध्यक्षता रिपोर्ट सेवानियम 2018 संशोधन में भविष्य निधि, मंहगाई भत्ता, ई.एस. आई.सी. सुविधा, संस्था के दैनिक / संविदा कर्मचारियों को समिति के सीधी भर्ती में प्राथमिकता / बोनस अंक अनिवार्य कर शीघ्र लागू करते हुए बैंक केडर समिति प्रबंधक पद, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के बैंको के खाली पदों पर समितियों के सहायक कर्मचारियों को 50 प्रतिशत विभागीय भर्ती करते हुए उम्र एवं योग्यता में शिथिलता दी जाये।

# मरार पटेल समाज की बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाज के लोग पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

देवउठनी पर्व के अवसर पर राजिम राज मरार पटेल समाज के तत्वावधान में दीपावली मिलन का आयोजन पटेल धर्मशाला में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व राज अध्यक्ष तेजराम पटेल, जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद थे। शुभारंभ मां शाकंभरी की पूजा अर्चना से हुई। राज अध्यक्ष अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि संगठित और शिक्षित समाज निरंतर आगे बढ़ता है, इसलिय आज हमारे समाज के लोगो को गाँव, तहसील, जिला, राज और प्रदेश में एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हम सबको संगठित, शिक्षित और राजनीति के क्षेत्र मे सक्रिय होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ में पटेल समाज की जनसंख्या चौथे स्थान पर है जनसंख्या के अनुरूप शासन से प्रतिनिधित्व की मांग की जा रही है, परिणाम स्वरूप हमारे समाज से प्रेम पटेल कटघोरा विधायक है तथा बिसेसर पटेल गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष है। जो हमारे समाज के लिए गौरव की बात है। संचालन हेमलाल पटेल व आभार राज सचिव नारायण पटेल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



# नगर साहू समाज के यशवंत बने अध्यक्ष और अशोक उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सोमवार को नगर साहू संघ कोपरा के संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुआ जिसमें यशवंत साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। पांच पदों के लिए हुए चुनाव में तीन पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, जबकि दो पदों पर मतदान हुआ। अध्यक्ष पद पर यशवंत साहू एवं भानुप्रताप साहू ने दावेदारी पेश की थी जिसमें यशवंत साहू ने जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर अशोक साहू ने भागवत साहू और नारायण साहू को पराजित किया। संगठन सचिव टानिक साहू, महिला उपाध्यक्ष डॉ. डाली साहू और महिला संगठन सचिव पार्षद शशिकला साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं। चुनाव प्रक्रिया रामजानकारी मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चली। प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर गैंदलाल साहू को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया था। चुनाव संचालन में जिला साहू संघ अध्यक्ष नारायण साहू, डॉ. महेंद्र साहू, मिलेश्वरी साहू, घनश्याम साहू, विष्णु साहू, भारती साहू और नंदू साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सहकारी बैंक कर्मचारियों का प्रदर्शन फिंगेश्वर में जमकर हुई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी आंदोलन के एक सुत्रीय मांग को लेकर फिंगेश्वर के अधिकारी कर्मचारियों ने सोमवार को जमकर नारे बाजी किया। रायपुर सहकारी बैंक कर्मचारियों द्वारा क्रमबद्ध हड़ताल का आज दूसरा चरण प्रारंभ हो चुका है। वार्षिक वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट का स्पष्ट निर्णय के बावजूद सहकारिता विभाग का जो रवैया है उससे क्षुब्ध होकर रायपुर बैंक अंतर्गत 06 जिलों के 73 शाखाओं के 700 कर्मचारियों ने 29 अक्टूबर से हड़ताल की घोषणा किए हुए हैं। आज दिनांक 03.11.2025 को समस्त 73 शाखाओं में कर्मचारियों ने 10.30 बजे से 11.30 बजे तक निरंतर एक घंटा शाखाओं के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया जिसे किसान और अमानतदारो ने भी नैतिक समर्थन देकर कर्मचारियों का हौसला अफजाई किया। कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोहनलाल साहू, याचिकाकर्ता देवेंद्र पांडे, विधान तिवारी, युवराज दुबे, अविनाश शर्मा, मनोज दिवाकर, संहित सभी सहकारी बैंक कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर सरकार को बताया कि कर्मचारियों को जो वार्षिक वेतन वृद्धि मिलना है उससे शासकीय खजाने पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ना है। बैंक के अर्जित लाभ से ही कर्मचारियों को वेतन वृद्धि मिलना है फिर भी लाभ से हमें वंचित किया जा रहा है। जिससे चलते परिणाम हड़ताल का बना है, यदि कर्मचारियों का मांग समय में पूरा नहीं होगा तो निश्चित ही अगामी समय में शासन प्रशासन में हड़कंप मच जायेगा। छत्तीसगढ़ सरकार का अति महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी का भुगतान बैंक के माध्यम से होना है, यदि 73 शाखाओं के बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे तो शासन की छवि धूमिल होगा और सभी तरफ से समस्या बड़ी गंभीर रुप ले लेगी।



### तत्काल वेतन वृद्धि किया जाए

संघ के ओर से निरंतर राजनैतिक और सामाजिक जनों से भी समर्थन लिया जा रहा है जिसमें कर्मचारियों के पक्ष में ही समर्थन मिलने से सरकार दबाव में है, साथ ही साथ किसान संगठन भी बैंक कर्मचारी परिवार के प्रति सहानुभूति पुर्वक सहयोग कर रही है। आगामी समय में हड़ताल को और तेज करने की बात करते हुए संघ के मिडिया बयान जारी कर्ता फत्तेसेन ने बताया कि यदि पांच वर्षों का लंबित वेतन वृद्धि नहीं होगी तो बैंक कर्मचारी परिवार में आर्थिक समस्या गंभीर रुप धारण कर लेगी जिससे कर्मचारियों में घोर निराशा हो जायेगी अतः सरकार को ठोस कदम उठाते हुए तत्काल वेतन वृद्धि देना चाहिए। हड़ताल को लेकर अपनी मांगों को बुंलद करने में बैंक के शाखा प्रबंधक एसएस पांडेय, सहायक लेखापाल संजय गोस्वामी, पवेक्षक तोषण साहू, लिपिक महेश सिन्हा, लिपिक हेमलता सोनी, अमरिका साहू, लोकेश साहू, रूबी साहू, दमेश्वर साहू शामिल रहे।

## हजारों मुस्लिम जुटे, अमन-शांति की मांगी दुआ

# मौलाना मुफ्ती के स्वागत में मुसलमान समाज ने बाइक रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में मुस्लिम समाज द्वारा जश्ने यौमे विलादत हुजूर अमीने शरीअत प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मैनपुर, गरियाबंद, देवभोग, छुरा, राजिम, धमतरी, नगरी, सिहावा, ओड़िशा से हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे थे। दोपहर 03 बजे हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सलमान रजा खान साहब की काफिला जैसे ही मैनपुर पहुंचा 05 किमी दूर से मुस्लिम समाज के युवाओं ने मोटर साइकिल रैली निकालकर जोरदार स्वागत किया एवं रात 08 बजे कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो सुबह 04 बजे तक चला। इस दौरान कई शायरों द्वारा बेहतरीन नात शरीफ पेश किया गया। वहीं मौलाना द्वारा तकरीर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मेहमाने खुसूशी शहजादा व जानशीने हुजुर अमीने –ए –शरीयत हुजुर हकीम–ए शरीयत काजी ए छत्तीसगढ़ हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती सलमान रजा खान साहब पहुंचे हुए थे उन्होने अपने नुरानी तकरीर पेश किया और प्रदेश व देश में अमन शांति खुशहाली के लिए दुआ किया गया। इस दौरान प्रोग्राम में मुकर्रिरे खुसूशी खलीफा ए हुजुर अमीन ए शरीयत हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती अब्दुल मुग्नी रजवी साहब केशकाल, खुसुशी नातख्वान बुलबुले बागे मदीना गुलशने रजा जनाब अकरम रजा मुजीबी साहब हैदराबाद एवं जनाब नईम रजा तहसीनी साहब बरैली शरीफ, नाकिबे जलशा हजरत मौलाना गुलाम मोहियुद्दीन रजवी साहब भिलाई, मैनपुर के मौलाना सिब्तैन साहब व दीगर उलमाए किराम द्वारा नात शरीफ एवं तकरीर किया गया। इस कार्यक्रम में रजा मुस्लिम समाज मैनपुर के जाहिद रजा, नजीब बेग, सुल्तान मेमन, हाजी गफ्फू मेमन, हबीब मेमन, शेख हुसैन, हैदर मेमन, अनीश सोलंकी, गुलाम मुस्तफा, गोलु भाई, असलम मेमन, मकसुद भाई, रसीद खान, जब्बीर भाई, अब्दुल कादिर, अजहर मेमन, हाजी गफ्फू मेमन गरियाबंद, हाजी गुलाम मेमन, वली मोहम्मद धन्नाड़ी, गुलाम रसुल भाई, अहमद बेग, नदीम भट्टी, अब्दुल कादिर, जावेद भाई, इकबाल मेमन, आशीफ मेमन, जाकिर रजा, अतहर मेमन, खलिल खान, हाजी इलियाश मेमन, जुनैद रजा, शेख हसन खान, सद्दाम भट्टी, सिकंदर मेमन, सरफराज मेमन, अहसन रजा, अफजल मेमन, फकीरा भाई, गुलाम मेमन, अज्जू खान, अजीज अंसारी, इथू मेमन, रमजान भाई, आशीफ भाई एवं हजारो की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान 21 लोगो का नाम ड्रा के माध्यम से अजमेर शरीफ जाने के लिए निकाला गया।





## पेज 11 के शेष...

### एंजेल एंग्लो हाई...

चहक लोन्हारे, धारणा यादव, प्रियंका नाग, दीक्षा देवांगन, सीमा साहू, मधुप्रिया नागेश, सुहानी रंगारी, सम्भवी सिन्हा और पद्मनी साहू शामिल रहीं। इन छात्राओं की लयबद्ध गतियों और पारंपरिक वेशभूषा ने मंच पर छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की झलक पेश की।

इसके साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'राउत नाचा' ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा और सृष्टि मिश्रा ने किया एवं निर्देशन-** एंजेल एंग्लो हाई स्कूल के सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में छबीली साहू, सत्यम नवलेकर, प्राची कुटारे, अरुंधति शर्मा और अंशु वखारिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। राज्योत्सव के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और छत्तीसगढ़ की 25वीं वर्षगांठ पर एकता, संस्कृति और समृद्धि के इस पर्व को मिलकर मनाने का संकल्प लिया गया।

### राष्ट्रीय एकता...

150 जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पदयात्रा के पूर्व स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न अल्प अवधि के कार्यक्रम जैसे वाद-विवाद, निबंध, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से एकता, अखंडता, स्वच्छ भारत की विलय, और इंडियन सिविल सर्विस की स्थापना तथा सरदार पटेल की दूरदृष्टि से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को लेकर बनाया जाएगा। जिन्हें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। पदयात्रा के दौरान फिटनेस शिविर, नुक्कड़ नाटक, और नशा मुक्ति के लिए युवा शपथ कार्यक्रम भी होंगे।

**खबर संक्षेप**



## खोरपा के छात्रों के माडल राज्य विज्ञान मेला के लिए चयनित

**अभनपुर।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकरनगर रायपुर में जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में पीएमश्री सेजेस खोरपा के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 9 की कु. वेनू साहू ने सतत कृषि विषय पर, कक्षा 10 की कु. प्राची पटेल ने अपशिष्ट प्रबंधन पर, गोविंद पाल ने मनोरंजन गणितीय मॉडल पर तथा हेमंत साहू ने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। दिव्यांग श्रेणी में कु. रेशमी पटेल एवं मानसी पटेल ने मॉडल प्रस्तुत कियावहीं शाला के विज्ञान क्लब की टीम कु. सरस्वती प्रजापति, एकता साहू, एंजल निषाद, दीपराज देवांगन, गगन साहू ने भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम में कु. रेशमी पटेल, मानसी पटेल तथा हेमंत साहू के मॉडल का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान मेला के लिए किया गया है। इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण श्रीमती पारुल अग्रवाल, श्रीमती ज्योति चौहान, अर्चना महतो, श्रीमती रितुषा जेम्सी, सौरभ देवांगन,वेदप्रकाश साहू ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

**प्रेरणा :** महिला विश्व कप में ऐतिहासिक जीत, करोड़ों बेटियों के लिए प्रेरणा

# हरमन ब्रिगेड ने रचा इतिहास, पहली बार आईसीसी महिला वन-डे वर्ल्ड कप पर भारत ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

देश की बेटियों ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में इतिहास रच दिया है। पहली बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल मुकाबले में हरमन ब्रिगेड ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर आईसीसी वर्ल्ड वनडे विश्व कप में कब्जा जमाया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 298 रन बनाए और जवाब में दक्षिण अफ्रीका को 240 रन पर समेट दिया। देश की बेटियों की इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। महिला विश्व कप क्रिकेट की जीत से पूरा देश उत्साह, जोश एवं गर्व में है।

बेटियों ने जीत का परचम लहराकर देश का मान बढ़ाया है। महिला विश्व कप क्रिकेट में मिली जीत ने यह साबित कर दिया है कि अब देश की महिलाएं एवं बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसन्धान, शोध, अंतरिक्ष यात्रा एवं खेल जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है। विश्वकप क्रिकेट में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया एवं फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत टीम को हराकर महिला विश्वकप ट्रॉफी अपने नाम किया है।

### निर्णायक क्षण महिला क्रिकेट को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा : ओमकुमारी



नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों एवं देशवासियों को महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 जीतने पर बधाई दी है। कहा कि पहली बार विश्व कप जीत हासिल करके इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अच्छा खेल रही है और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है। यह निर्णायक क्षण महिला क्रिकेट को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जिस तरह लड़कियों ने भारत को गौरवान्वित किया है मैं उनकी प्रशंसा करती हूं। विश्व विजेता टीम इंडिया को सेल्युट करती हूं।



### संघर्ष से मिली जीत पर देश को गर्व : सोनल



राजिम के वरिष्ठ समाजसेवी सोनल महाड़िक ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जो संघर्ष दिखाया और पूरे टूनामेंट में जिस तरह नियंत्रण का प्रदर्शन किया वह युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। उन्होंने साबित कर दिया कि महिला क्रिकेट टीम शीर्ष स्तर पर एक विश्व स्तरीय टीम है। टीम ने असाधारण टीम वर्क एवं दृढ़ता दिखाई है। भविष्य में और भी बड़ी जीते आपका इंतजार कर रही है। संघर्ष से मिली जीत पर देश को गर्व है।

### हर भारतवासी के लिए गर्व का पल, खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का क्षण : स्वर्णजीत कौर



नवापारा नगर पालिका के पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेत्री स्वर्णजीत कौर ने विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम एवं देशवासियों को विश्व विजेता बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत सभी देशवासियों के लिए गर्व एवं खुशी का पल है। यह ट्रॉफी पसीना, हौसला, हिम्मत और दृढ़संकल्प की जीत है। पूरे प्रतियोगिता के दौरान टीम इंडिया अदभुत कौशल और आत्म विश्वास से भरा रहा। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य के चैंपियनों को प्रेरित करेगा। यह जीत खेल प्रतिभाओं के हौसले एवं प्रतिभा के मार्ग को प्रशस्त करेगा। बेटियों के संघर्ष 140 करोड़ देशवासियों के आंखों में खुशी के पल लाकर गर्व का अहसास करवाया है।

### लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया : पूर्णिमा चंद्राकर



नगर पंचायत राजिम की उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने महिला विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। कहा कि शानदार क्रिकेट प्रतिभा ने लाखों-करोड़ों लड़कियों के लिए प्रेरणा का मार्गदर्शन किया है। पूरी टीम को हार्दिक बधाई! इस जीत के साथ भारत ने महिला क्रिकेट के इतिहास में स्वर्ण अध्याय जोड़ दिया है। पूरे देश में जश्न का माहौल है। फाइनल मैच में उनका प्रदर्शन अदभुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था टीम इंडिया ने पूरे टूनामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। खेल जगत से लेकर आम नागरिक तक सभी टीम इंडिया के इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### देश के लिए गौरव का क्षण : योगिता सिन्हा



नवापारा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा ने महिला विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर महिला क्रिकेट टीम एवं देशवासियों को बधाई दी है। कहा कि बेटियां विश्व विजेता बनी है। जिसका गर्व सभी देशवासियों को है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत ने इतिहास रच दिया एवं करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बनाई है। खिलाड़ियों के साहस,धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरवान्वित किया है। विश्व कप में जीत केवल ट्रॉफी नहीं बल्कि पूरे देश का उत्साह एवं मान बढ़ा है। देश की बेटियों की इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है।

## नवापारा के विवेक व सुरसाबांधा के चुम्मन बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





नगर के होनहार,युवा विवेक लालवानी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा सफलतापूर्वक पास कर परिवार और नवापारा नगर का नाम रोशन किया है। विवेक, व्यवसायी त्रिलोक लालवानी के सुपुत्र है। विवेक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता पिता को देते हुए बताया कि निरंतर प्रयास करने से ही सफल हुआ जा सकता है। विवेक की इस सफलता पर विधायक इंद्रकुमार साहू, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, श्री सिंध पंचायत के सुंदर पंजवानी, अनिल जगवानी, धनराज मध्यानी, भागचंद बंगानी, विजय गोयल, भूपेंद्र सोनी, नागेंद्र वर्मा, मुकुंद मेश्राम, जीतसिंह ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह सुरसाबांधा के चुम्मन वर्मा ने इस परीक्षा में पास होकर गांव का नाम रोशन किया है वे अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि यदि मां और पापा सपोर्ट नहीं करते तो सफलता शायद ही मिल पाती। सीए बनने पर पिता देवराम वर्मा, माता यशोदा वर्मा ने खुशी जताते हुए कहा कि चुम्मन ने अपनी स्वयं की मेहनत से इस उपलब्धि को प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू ने बधाई दी है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

॥ ॐ शांति शांति शांति ॥
दशगात्र कार्यक्रम
॥ ॐ शांति शांति शांति ॥
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः ॥



अवतरण तिथि
01-01-1944
देहावसान तिथि
27-10-2025
स्व. श्रीमती रामबाई साहू
(धर्मपत्नी-पूर्व सरपंच स्व. गोपाल राम साहू जी)



दिनांक 3 नवम्बर 2025 को प्रयागराज त्रिवेणी संगम गंगा में स्वर्गीय श्रीमती रामबाई साहू की अस्थि विसर्जन करते हुए सुपुत्र जितेंद्र कुमार साहू

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित कर रहे हैं कि हमारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती रामबाई साहू (धर्मपत्नी-पूर्व सरपंच स्व. गोपाल राम साहू जी) का स्वर्गवास दिनांक-27/10/2025, सोमवार को हो गया है। जिनका आज दशगात्र एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। अतएव आप सादर आमंत्रित हैं।
आईये हम सब मिलकर दिवंगत आत्मा की मोक्ष एवं मृत देह की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करें।

- शोकाकुल परिवार -
बिसहत साहू, बंशी साहू, हरि साहू,
रमेश साहू, रोहित साहू, अवध साहू, पेशन साहू,
देवराज साहू, भूपेन्द्र साहू, चुम्मन साहू
एवं समस्त शोकाकुल परिवार

दशगात्र एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम
दिनांक : 04/11/2025, मंगलवार
स्थान : ग्राम-कुम्ही (राजिम)
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

- शोक संतप्त -
जितेन्द्र कुमार साहू (पुत्र)
(पूर्व अध्यक्ष-जनपद पंचायत फिंगेश्वर)
ललेन्द्र कुमार साहू (पुत्र)
गुनमय साहू (सुपौत्र)
मो. 9685225957, 9340713368

नोट- जिस किसी सज्जन को यदि आमंत्रण प्राप्त नहीं हुआ है वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।




संकलनकर्ता- परमेश्वर यादव हरिभूमि संवाददाता रसेला मो. 9131952372